**लखनऊ के प्रमुख समाचार**

- पूर्व अधिकारी के घर में फंदे से लटका मिला नौकरानी का शव II
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाएं सम्मानित III
- अस्मिता एथलेटिक्स लीग में बेटियां चमकीं IV






**रमजान का 19वां दिन**

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी: 5:01 | सुन्नी: 6:14 |
| शिया: 4:51 | शिया: 6:23 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**शहर में आज**



- गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स हॉल में आईटी सिटी के भूखंडों की लॉटरी- 10:00 बजे से।
- लखनऊ विश्वविद्यालय में योग और वैकल्पिक चिकित्सा विभाग में योग सप्ताह के अंतर्गत योग कार्यक्रम- 7:00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# प्रकृति की संरक्षिका और सृजन का जीवंत रूप नारी

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृत विचार कार्यालय में जुटी नारी शक्ति ने की समाज में अपनी भूमिका पर बात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृत विचार कार्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ने वाली महिलाओं ने समाज में अपने स्थान और भूमिका पर मजबूती से अपनी बात रखी।

गांव में महिलाओं की स्थिति पर बात की गई तो शहर में बच्चों की पिज्जा, मोमोज और अन्य फास्टफूड की तरफ बढ़ती दिलचस्पी के कारणों पर भी पक्ष रखा गया। महिलाओं ने कहा कि बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए उनके बेहतर खानपान पर ध्यान रखना भी माताओं की जिम्मेदारी है। प्रकृति के संरक्षण पर उन्होंने कहा कि आरओ से निकलने वाले वेस्ट वाटर का पेड़ पौधों में इस्तेमाल किये जाने, पर्यावरण को बचाने के लिए उनके द्वारा किये जाने वाले उपायों के साथ-साथ महिलाओं ने बताया कि बच्चों के लिए मां ही पहली शिक्षक होती है। मां ही सिखा सकती है कि नल को खुला मत छोड़ो। ब्रश करो तो उतनी ही देर पानी खोलो जितनी देर जरूरत है क्योंकि पानी बहुत बड़ी नेमत है और इसे हर हाल में बचाकर रखना होगा।

एक महिला ने कहा कि कई बार महिलाओं के पहनावे पर सवाल उठते हैं। कहा जाता है कि महिला सही तरह से कपड़े पहने तो हालात बेहतर हो सकते हैं। इसके जवाब में महिलाएं ही सवाल उठाने लगती हैं कि छह साल की बच्ची से रेप की घटना हो जाती है तो उसमें पहनावा कहां बीच में आया लेकिन यह सब बातें अपनी जगह, बेहतर होगा कि अगर किसी महिला का पहनावा सही न हो तो दूसरी महिला ही उसे टोक दे। महिला शिक्षा पर भी बात हुई। वकालत पेशे से एक महिला ने बताया कि वक्फ संपत्तियों को महिलाओं की मदद के लिए छोड़ा गया है, लेकिन बेहतर प्रबन्धन और जानकारी के अभाव में महिलाओं को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस जैसे मौके इसलिए आते हैं कि महिलाएं अपना ज्ञान इतना बढायें कि वह यह जान सकें कि उनके अधिकार क्षेत्र में क्या-क्या है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृत विचार की पहल को सराहा और अपने विचार को पुरजोर ढंग से उठाया।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृत विचार कार्यालय में आयोजित गोष्ठी के दौरान सम्मानित की गईं महिलाएं। अमृत विचार

### महिला व्यापारियों ने साझा किए अनुभव



- महिलाएं शक्ति हैं, महिलाएं प्रेरणा हैं, हमसभी को उनकी सफलता और योगदान का सम्मान करना चाहिए और उन्हें उत्साहित करना चाहिए। अब पहले से काफी बदलाव हुआ है और महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।
  –**रुचि सिंह**, व्यापारी नेता



- अभी भी महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी कम है। हम सभी की तरफ से कोशिश हो कि ऐसी महिलाओं को जागरूक करें। सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के बारे में बताएं। एक मजबूत समाज के लिए महिलाओं को सशक्त होना जरूरी है।
  –**ज्योति तिवारी**, व्यापारी नेता



- घर से बाहर कदम निकालते ही दोहरी जिम्मेदारी शुरू हो जाती है। घर और बाहर के काम का दबाव भी रहता है। सामंजस्य बनाकर चलना होता है। महिलाएं ठान लें तो कुछ भी नामुमकिन नहीं है। महिला आपने आप में बहुत सशक्त है।
  –**डॉ. श्वेता सिंह**, उपाध्यक्ष भाजपा अवध प्रांत



- मैं अपनी संस्था की मदद से मोटे अनाज को लेकर लोगों को जागरूक करती हूं। मोटे अनाज के खाद्य पदार्थ तैयार करती हूं। लोगों के इसके खाने के फायदे बताती हूं। जर्मनी में भी हमारे खाद्य पदार्थों को पसंद किया जा रहा है। जो सेहत के लिए बेहतर हैं।
  –**मनी टंडन**, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल



- एक अभियान के तहत देखा गया कि गोलागंज में एक मुस्लिम बस्ती है। जहां की महिलाएं हुनरमंद तो हैं लेकिन उनके घर में सिर्फ उनके पति कि चलती है, इसलिए वह पीछे हैं। उनका कहना है कि पति इजाजत देंगे तभी काम करेंगी। मैं ऐसी महिलाओं को अपने संस्था के माध्यम से जागरूक कर रही हूं।
  –**खुशबू केसरवानी**, व्यापारी नेता



- मेरा मानना है कि जो गुण जिस भी महिला में है वह उसे कम से कम दस लड़कियों को जरूर सिखाएं। कला का दान करें। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए पुरुषों से ज्यादा महिलाओं का योगदान सकारात्मक बदलाव ला सकता है। मैं लड़कियों को मुफ्त में डांस और ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण देती हूं।
  –**प्रियंका वर्मा**, व्यापारी नेता

- महिलाएं अब नौकरी के भरोसे नहीं बैठी हैं, व्यापार और उद्योग क्षेत्र में भी खूब आगे बढ़ रही हैं। जरूरत है कि हम सभी एक दूसरे का सहयोग करें, एक महिला दूसरी महिला को प्रोत्साहित करें और एक दूसरे का हाथ पकड़कर आगे बढ़ाए। आपस में प्रेम, सद्भाव और सहयोग बनाएंगे तो नारी शक्ति मजबूत होगी।
  –**गीता गुप्ता**, राष्ट्रीय अध्यक्ष, संयुक्त व्यापार मंडल

- समाज में आज भी महिलाओं का एक बड़ा तबका है जो मतदान में हिस्सा नहीं लेता है। आर्थिक प्रबंधन के निर्णय में उनका हस्तक्षेप नहीं चलता है। ये अधिकार उनके घर में सिर्फ पुरुषों को हैं। हम ऐसी महिलाओं को जागरूक कर उन्हें उनके अधिकारों के बारे में बताते हैं।
  –**प्राची पांडेय**, राष्ट्रीय महासचिव संयुक्त व्यापार मंडल

- मेरा मानना है कि यदि कोई महिला अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है तो उसका कर्तव्य बनता है कि वह अन्य महिलाओं को जागरूक करें। तभी हम समाज में अपनी पहचान बना पाएंगे। इसके लिए क्षेत्र चुन सकते हैं।
  –**सुनीता चटर्जी**, संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल



- महिला सशक्त है तो वह परिवार को भी सशक्त बनाएगी। इसलिए हर महिला को बच्चों की एजूकेशन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। महिलाएं स्वभावत: संवेदनशील होती हैं, इसलिए वे प्रकृति के दर्द को समझ कर जागरूकता के बल पर उसे समृद्ध कर सकती हैं।
  –**मानसी चक्रवती**, संयुक्त व्यापार मंडल



- लोकतंत्र में महिलाओं को न केवल बराबरी का दर्जा मिले, बल्कि शासन प्रणाली में उनकी समान जिम्मेदारी भी हो। धरती से जुड़े हैं, इसलिए उसे सुरक्षित रखना भी हमारी जिम्मेदारी है। नारी और प्रकृति दोनों ही जीवन की आधारशिला हैं।
  –**उजमा सिद्दीकी**, अध्यक्ष संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल



प्रशस्ति पत्र के साथ अमृत विचार कार्यालय में हुई गोष्ठी में सम्मानित महिलाएं। अमृत विचार



- महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को समान अधिकार, अवसर और सम्मान देना। जब महिलाएं शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनती हैं, तो परिवार, समाज और देश की प्रगति तेज होती है। हमें उन्हें निर्णय लेने और अपने सपने पूरे करने का अधिकार देना चाहिए।
  –**दीक्षा वर्मा**, छात्रा



- मेरा मानना है कि महिलाएं हमेशा से सशक्त थीं। उसे अपनी शक्ति का अहसास नहीं था। अब महिला अग्रणी भूमिका में हैं। समाज भी अब महिलाओं को अवसर प्रदान कर रहा है। महिलाओं को अपनी जिम्मेदारियों के साथ, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना होगा।
  –**निमिषा सोनकर**



- महिला शिक्षित होती है, तो समाज और घर दोनों शिक्षित होता है। इससे ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है। रही बात प्रकृति के सरंक्षण की तो आज घर से ही महिलाएं पानी बचाकर, पेड़ लगाकर और बच्चों को पर्यावरण का महत्व सिखा अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रही हैं।
  –**नुसरत जहां**, अधिवक्ता

### खुलकर बोलीं महिलाएं



महिला दिवस एक दिन का न होकर प्रत्येक दिन महिलाओं का है। उगते से ढलते सूर्य तक बदलती कार्यो की भूमिका उसके बिना अधूरी है। महिला दिवस का दिन उसकी उपलब्धि, सहनशीलता, कर्मठता, उदारता को मान-सम्मान देने का दिन है। मां, बेटी, बहू, पत्नी के साथ प्रत्येक बेटी को भय मुक्त वातावरण मिले ऐसे संकल्प का वादा पुरुष प्रधान समाज से मिले उसका दिन है। आधी आबादी मे गिने जाने वाली महिलाओं को पुरूष के साथ, प्रेम, सहयोग, सुरक्षात्मकता का विश्वास मिले। तब महिला दिवस की सार्थकता है। **–ज्योति किरन रतन, कलाकार**



नारी सशक्त है। हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। कविता के माध्यम से तू अखंड है, प्रचंड है, तरंग है, शेर की दहाड़ तू, नदी का उफान है, नारी तू महान है, देश का अभिमान है कविता पाठ किया।

**–अनु जैन**



नारी शक्ति प्रकृति की सच्ची संरक्षिका और सृजन का जीवंत रूप है। वह स्वार्थ, प्रसिद्धि या अमरता की इच्छा के बिना सृजन करती है और त्याग व समर्पण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है। प्रसव पीड़ा सहकर भी वह भविष्य को जन्म देती है। इसलिए समाज में उसके त्याग, स्नेह और योगदान के प्रति सम्मान व संवेदना बनाए रखना आवश्यक है।

**–रोमा हेमवानी, वाटर योगा एक्सपर्ट**



महिलाएं अर्थव्यवस्था और समाज की उन्नति की असली शक्ति हैं। इसके साथ ही नारी शक्ति बदलाव की प्रेरणा भी हैं। अगर महिलाएं आगे आएं तो प्रकृति संरक्षण के आंदोलन को और मजबूती मिल सकती है। **–सीमा सिंह, अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद**



महिला दिवस पर हम सभी महिलाएं अपने अधिकारों और स्वतंत्रता का सम्मान करें और एक दूसरे का समर्थन करें। एक दूसरे को जागरुक करते हुए उन्हें उनके कर्तव्यों और अधिकार के प्रति जागरुक करना भी देश सेवा से कम नहीं है। **–प्रो. अमिता कन्नोजिया**



महिला दिवस पर हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि हम एक साथ मिलकर समाज में महिलाओं के प्रति समानता और न्याय की दिशा में काम करें। जिससे हमारा देश विकसित और तरक्की करने की दिशा में आगे बढे। **–डॉ. स्नेह लता**



आज भी गांवों में महिलाओं की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। वह अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नहीं हैं। एनीमिया की शिकार सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं हैं। उन्हें जागरूक करने के लिए सभी का प्रयास होना चाहिए। मैं एनजीओ के माध्यम से जागरूकता अभियान चला रही हूं। **– डॉ. अर्चना श्रीवास्तव**



महिलाओं का पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान है। वह बच्चों को सिखा सकती है। गीला कचरा सूखा कचरा के निस्तारण के बारे में बता सकती है। बच्चों को पानी बचाने के प्रति जागरूक करें। ब्रश करते समय बच्चों को सिखाएं कि नल खुला न रखें। मेरा मानना है कि जब हम बच्चों को छोटी-छोटी बातें सिखाएंगे तो वही आगे चलकर समाज को दिशा देंगे। **– ओम सिंह**



प्रकृति संरक्षण महिलाओं से ही शुरू होता है। पानी संरक्षण करने के प्रति जागरूक करें। शुद्ध भोजन करें। फसलों में खाद या केमिकल न डाला जाएं। मेरा मानना है कि इसमें महिलाओं का विशेष योगदान हो सकता है। बस सतर्क रहें और समय पर ठोस निर्णय लें। **– ऋतुजा सिंह, बघेल**



आज महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रही हैं। ऐसी महिलाओं से प्रेरणा लेने की जरूरत है। मैं समाज सेवा के साथ सिविल सर्विसेज की तैयारी भी कर रही हूं। **–प्रियम राज, छात्रा**



महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचार के खिलाफ महिलाओं को ही आगे आना होगा। तभी हम सच्चे मायने में महिला दिवस को सार्थक कर पायेंगे। नारी केवल परिवार ही नहीं, प्रकृति की भी संरक्षक है। जिस तरह वह जीवन को जन्म देती है, उसी तरह पर्यावरण को भी सहेजने की शक्ति रखती है। **–डॉ. अर्पणा सिंह, डॉ. राममनोहर लोहिया लॉ यूनिवर्सिटी**



- महिलाओं की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए अपने स्वास्थ्य पर उन्हें ध्यान देना होगा। महिलाएं स्वस्थ रहकर ही स्वस्थ परिवार और समाज का निर्माण कर सकती है। इसलिए मानसिक और शारीरिक रुप से स्वस्थ रहते हुए दूसरे को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। **–डॉ. श्वेता साधवाणी**

### सिटी ब्रीफ

## डॉ. मल्लिका सक्सेना को मिला सक्षम भारत अवार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नेतृत्व स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम फॉर वुमेन में डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की डॉ. मल्लिका सक्सेना को 'सक्षम भारत अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया। लेट्स गिव होप फाउंडेशन की ओर से कैसरबाग स्थित राय उमनाथ बली ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश डी. रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि डिप्टी डायरेक्टर दिव्यांगजन सशक्तिकरण डॉ. अमित राय रहे। डॉ. मल्लिका सक्सेना वर्तमान में डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की विभागाध्यक्ष हैं। वे समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने और दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक संसाधनों को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही हैं।

## बाल सुधार गृह में हुआ पेंटिंग प्रतियोगिता

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एकेटीयू की सरोज पांडे की अध्यक्षता में महिला समिति की तरफ से बाल सुधार गृह में बालिकाओं के बीच पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल सुधार गृह की संचालिका सफलता सिंह नेतृत्व मे बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सरोज पांडे ने द्वारा वहां पर कार्यरत सभी कार्यकर्ता एवं अध्यापिकाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. आयुष श्रीवास्तव, सुनील पांडे व डॉ. वर्षा शुक्ला ने किया। इस अवसर पर प्रिया आर्या, अंजली सिंह व आरजू गुप्त मौजूद रहीं।

## गोमतीनगर में हुई सांस्कृतिक संध्या

**अमृत विचार :** विश्व महिला दिवस के अवसर पर लखनऊ के गोमतीनगर स्थित हिंदी मीडिया सभागार में मूलवासी कश्यप निषाद गोंड समाज की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि समाजसेविका गुंजन शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि रेखा गोंड, नीलम गोंड, छाया प्रसाद और नीतू सिंह कश्यप ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान छठ्ठु धुरिया दल ने पारंपरिक हुडुका नृत्य प्रस्तुत कर लोक संस्कृति की झलक दिखाई, जबकि सोनभद्र से आए लोकगायक मुनेश्वर देवगन ने भोजपुरी गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रविका गोंड ने जा रे हट नटखट गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। संस्था अध्यक्ष सतीश कुमार कश्यप ने समाज की एकता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर जोर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए समाजसेवियों ने सामाजिक एकजुटता और समाज के विकास पर विचार व्यक्त किए।

**बढ़ाया हौसला**

### उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने किया नारी शक्ति, व्यवसाय की उड़ान विशेष सत्र का आयोजन

# महिला व्यापारियों को बताए व्यावसायिक उड़ान भरने के गुर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी की महिला व्यापारियों एवं उद्यमियों को उनके व्यवसाय में गति देने ,उनको अर्थिक एवं व्यावसायिक रूप से सशक्त करने तथा व्यवसाय में ऊंची उड़ान भरने के लिए उप्र. आदर्श व्यापार मंडल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक विशेष तकनीकी सत्र "नारी शक्ति, व्यवसाय की उड़ान " कार्यक्रम आयोजित किया।

गोमतीनगर के एक निजी होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, जिला उद्योग केंद्र के डिप्टी कमिश्नर अभिजीत गौतम, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के महाप्रबंधक राजेश कुमार, श्रम एवं सेवायोजन विभाग के अधिकारी शरद, एमएसएमई विशेषज्ञ हरजिंदर सिंह, स्टार्टअप विशेषज्ञ सुभाष चंद्र ने महिला व्यापारियों को उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए टिप्स और ऋण दिए जाने के बारे में विस्तार से दिए। संगठन की महिला पदाधिकारियों का सम्मान प्रदेश अध्यक्ष ने किया। इसमें महिला इकाई प्रकोष्ठ की प्रभारी अभिलाषा गुप्ता, नगर अध्यक्ष अनीला अग्रवाल, वर्तिका शुक्ल, सुनीता राय, कुमारी शिखा मिश्रा, मनोरमा मिश्रा, प्रीति गुप्ता, आरती गुप्ता, अंजलि मौर्य, डॉ. इन्दु सुभाष, रितु ठाकुर, कंचन यादव, मंजूषा, सतरूपा पांडे, आरती कपूर मौजूद रहीं।



आदर्श व्यापार मंडल के नारी शक्ति, व्यवसाय की उड़ान विशेष सत्र में मौजूद महिला व्यापारी और विशेषज्ञ। अमृत विचार

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली नारियों सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ व्यापार मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजाजीपुरम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नारियों को सम्मानित किया गया। रूपाली श्रीवास्तव, शिखा श्रीवास्तव, सीमा सिंह, प्रमिला शर्मा, रजनी मिश्रा, अंजू शर्मा, वंदना शर्मा, मीणा त्रिपाठी, प्रतिमा घोष, मीनाक्षी गुप्ता, नीतू द्विवेदी, सीमा सिंह, मानसी तिवारी, प्रेम बनर्जी, बिंदु तिवारी, शीतल तिवारी, रेनू गुप्ता, पूनम गुप्ता, संगीता गुप्ता, एकता भारद्वाज, सोनम भारद्वाज, रंजन सिंह, सीमा सिंह, गीता भारद्वाज, गीता भारद्वाज, रंजना सिंह, सीमा सिंह, प्रीति वाजपेयी, लक्ष्मी तिवारी, प्रज्ञा गुप्ता, संध्या सिक्का, निधि मल्होत्रा, दीपिका आहूजा आदि को सम्मानित किया गया। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति समाज की सबसे बड़ी प्रेरणा और विकास की आधारशिला है। हमारे समाज, परिवार और व्यापारिक जगत की उन्नति में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, सुशील तिवारी, सोनू पंडित, अनूप द्विवेदी, शैलेश, शीलू वाजपेयी, सौरभ शर्मा, सत्येंद्र श्रीवास्तव आदि वक्ताओं ने सभी महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं।



कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

## बेहतर विचार रखने वाली छात्राएं सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग की ओर से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें इसमें छात्र-छात्राओं ने भी महिला सशक्तिकरण, समान अवसर और समाज में महिलाओं की भागीदारी को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उत्कृष्ट विचार प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। इसमें ऋचा पाण्डेय को प्रथम, निधि राठौर को द्वितीय और अंजली गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उत्कृष्ट विचार प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों में मान्सी यादव, सुमित्रा और ज्योति शर्मा को सांत्वना पुरस्कार मिला। शिक्षिका डॉ. शैलजा सिंह, डॉ. विजय कुमार वर्मा ने जागरूक किया।

# पूर्व अधिकारी के घर में फंदे से लटका मिला नौकरानी का शव

## ठाकुरगंज बालागंज रेलवे कालोनी में है बोकारो स्टील प्लांट के पूर्व अधिकारी का घर, बालागंज चौराहे पर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दुष्कर्म के बाद गला घोंटकर हत्या का आरोप

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज के बालागंज रेलवे कालोनी निवासी बोकारो स्टील प्लांठ के रिटायर्ड अधिकारी के घर में 14वर्षीया नौकरानी का शव फंदे से लटका मिला। नौकरानी के परिजन रिटायर्ड अधिकारी के कारोबारी बेटे पर दुष्कर्म के बाद गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। आक्रोशित परिजन ने कार्रवाई की मांग को लेकर बालागंज चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। करीब तीन घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या, पॉक्सो व दुष्कर्म की धारा में रिपोर्ट दर्ज किया है। किशोरी सीतापुर के रेउसा की रहने वाली थी। पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

बालागंज रेलवे कालोनी निवासी प्रहलाद अग्रवाल छत्तीसगढ़ स्थित बोकारो स्टील प्लांट से सेवानिवृत अफसर हैं। रविवार दोपहर उनके घर पर 14 वर्षीय नौकरानी का शव दुपट्टे के सहारे पंखे से फंदे पर लटका मिला। ठाकुरगंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोरी के घरवालों को सूचना दी। घटना की जानकारी पर पहुंचे किशोरी के परिजन राजीव के बेटे राघव अग्रवाल पर दुष्कर्म के बाद गला घोंटकर बेटी की हत्या का आरोप लगाया। आरोप है कि हत्या को आत्महत्या का स्वरूप देने के लिए फंदे से लटका दिया। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद पीड़ित परिजन, बड़ी संख्या में शव लेकर बालागंज चौराहे पर पहुंचे। उन्होंने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। आरोपी पर कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह



ठाकुरगंज चौराहे पर प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया तो धक्का मुक्की शुरू कर दी। बवाल बढ़ता देख चौक, दुबग्गा, काकोरी और तालकटोरा समेत कई थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

परिजन बालागंज चौराहे पर शव लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस उनको शांत कराने का प्रयास कर रही थी। परिजन का आरोप है कि पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने में आनाकानी कर रही थी। करीब तीन घंटे तक हंगामा प्रदर्शन चलता रहा। पुलिस अधिकारियों ने जब आरोपी राघव के खिलाफ हत्या, पॉक्सो और दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की गई। इसके बाद पीड़ित परिजन शांत हुए। इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह ने आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर शांत कराया। इसके बाद किशोरी के परिजन शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए सीतापुर के रेउसा पैतृक आवास चले गए। पुलिस उपायुक्त पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के मुताबिक किशोरी के परिजन की तहरीर पर राघव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम में मौत का कारण हैंगिंग आया है, विसरा जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। दुष्कर्म की आशंका पर स्लाइड भी बनाई गई है।

### पिता बोले कारोबारी करता था छेड़छाड़

- किशोरी के पिता बताया कि वह ठाकुरगंज इलाके में ही रहकर मजदूरी करते हैं। बेटी छह माह से बेटी, राघव के घर में रहकर काम कर रही थी। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण बेटी को उसके यहां रख दिया। बेटी होली पर घर गई थी। इसके बाद पांच मार्च को वापस आयी थी। राघव बेटी पर गलत नियत रखता था। बेटी ने इसकी जानकारी घरवालों को दी भी थी।

## हादसे में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई के बरौली-अवध विहार पुल पर शनिवार देर रात को हुए सड़क हादसे में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव धनंजय सिंह की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बस्ती निवासी धनंजय सिंह लखनऊ में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर काम करता था। अवध विहार में किराए के मकान में रहता था। चाचा रामप्रकाश ने बताया कि शनिवार रात वह काम खत्म कर पीजीआई की तरफ से घर लौट रहा था। इस दौरान बरौली-अवध विहार पुल के ऊपर किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि धनंजय गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल धनंजय को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार में बड़ा भाई संजय सिंह और मां मीरा देवी है।

## सिटी ब्रीफ

### शव मिलने से अफरा-तफरी, शिनाख्त नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई में रविवार दोपहर एक व्यक्ति का शव मिला। जानकारी होते ही आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन असफल् रहे। पुलिस आसपास के थानों से संपर्क कर रही है। पुलिस के अनुसार, रविवार दोपहर सूचना मिली कि एचपी पेट्रोल पंप के बगल स्थित कब्रिस्तान के किनारे रायबरेली रोड के फुटपाथ पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। बताया जा रहा है कि मृत व्यक्ति अक्सर नशे की हालत में आसपास पड़ा रहता था।मृतक के शरीर पर काले रंग की फूल जैकेट, क्रीम रंग की फूल शर्ट और ग्रे रंग की पैंट थी। मौके से एक गमछा और मृतक की जेब से तंबाकू की पुड़िया भी बरामद हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और शिनाख्त के प्रयास किया जा रहा हैं।

### रंग लगाने के बहाने महिला से छेड़छाड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी के एक गांव में दो दोस्तों ने रंग लगाने के बहाने घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर महिला की पिटाई कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़िता ने इस मामले में थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पीड़िता के मुताबिक होली के दिन दोपहर में 12 :40 बजे उसके घर पर कोई नहीं था। इस बीच गांव के राम सरन और उसका दोस्त शिवा जबरन घर के अंदर घुस आए। दोनों ने उसे पकड़ लिया और रंग लगा दिया। इस बीच आरोपितों ने उसके साथ छेड़छाड़ भी की। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट की और धमकाते हुए मौके से फरार हो गए। पूरी घटना उसके घर में लगे सीसी कैमरे में कैद हुई है। पीड़िता ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लुटेरा गिरफ्तार मोबाइल बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** अमीनाबाद पुलिस ने शनिवार देर रात को लुटेरे को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से मोबाइल फोन बरामद हुआ है। इंस्पेक्टर अमीनाबाद सुनील आजाद के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी माल के काकराबाद का दीपक गौतम है। उसके पास से लूटा गया मोबाइल बरामद किया है। इंसपेक्टर के मुताबिक सीतापुर बिसवां रौसा का रामहरख ने थाने में तहरीर दी थी कि उनकी बेटी चारबाग से कैसरबाग चौराहे की ओर ऑटो से जा रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो लोग आए। जब ऑटो लाटूश रोड स्थित एक मस्जिद के पास पहुंचा तो बाइक सवार चलती ऑटो से बेटी का पर्स छीनकर भाग निकले। पर्स में बेटी के दो मोबाइल, 1500 सौ रुपये, दो चांदी के कंगन, दो चांदी की अंगूठी, एक जोड़ी चांदी की पायल और एक चांदी की टूटी हुई गले की चेन रखी थे। पुलिस अन्य की तलाश कर रही है।

### अंसल प्रॉपर्टीज पर एक और एफआईआर

अमृत विचार , लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी थाने में अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लि . के खिलाफ धोखाधड़ी का एक और मामला दर्ज किया गया है। बख्शी का तालाब स्थित बीकामऊ निवासी गौरव सिंह निवासी के मुताबिक वर्ष 2014 में कंपनी के चेयरमैन सुशील अंसल व वाइस प्रेसिडेंट प्रणव अंसल सहित अन्य पदाधिकारियों के माध्यम से सेक्टर सी स्थित ( ग्राउंड फ्लोर ) एलआईजी संपत्ति का आवंटन कराया गया था और करीब 2 .40 लाख रुपये जमा कराए गए थे। कंपनी ने दो से तीन वर्ष में रजिस्ट्री और कब्जा देने का वादा किया था, लेकिन करीब एक दशक बीतने के बाद भी न तो कब्जा मिला और न ही रजिस्ट्री हुई। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मंदिर के बाहर खड़ा ई-रिक्शा गायब

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी के सिरसा देवरी रुखारा निवासी धीरेन्द्र प्रताप मौर्य शनिवार को अपने परिवार के साथ हनुमंत धाम मंदिर दर्शन करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वह अपने ई-रिक्शा मंदिर आए थे। मंदिर के बाहर प्रसाद की दुकान चलाने वाले दिवेश कुमार ने उनसे कहा कि रिक्शा दुकान के पास खड़ा कर दें, इसकी जिम्मेदारी वह लेंगे। पीड़ित के अनुसार वह परिवार के साथ दर्शन करने चले गए। करीब दोपहर 3 :10 बजे वापस लौटे तो ई-रिक्शा वहां से गायब था। पूछने पर दुकानदार ने वाहन के बारे में जानकारी न होने की बात कही। पीड़ित के मुताबिक ई-रिक्शा में पर्स रखा था। जिसमें पांच हजार रुपये, पावर बैंक, वाहन के कागज व चार्जर था।

## युवती को दी अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इंदिरानगर इलाके में हुई घटना, पुलिस रिश्तेदार युवक की तलाश में जुटी
- ब्लॉक करने पर पूरे परिवार के मोबाइल पर कॉल कर देने लगा धमकी

**अमृत विचार:** इंदिरानगर इलाके में रहने वाली युवती ने गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। आरोप है कि उसका फुफेरा भाई लगातार कॉल कर परेशान कर रहा है। उसकी निजी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। विरोध करने पर भाई और पिता को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश में जुटी है।

इंदिरानगर इलाके में एक युवती परिवार के साथ रहती है। युवती के मुताबिक 2013 में एक शादी समारोह में आगरा निवासी बुआ के बेटे से मुलाकात हुई थी। दोनों एक दूसरे मोबाइल नंबर शेयर किए थे। इसके बाद दोनों ने मोबाइल पर बात करना शुरू कर दी। यही नहीं व्हाट्सएप्प पर भी चैटिंग होने लगी। यही नहीं आरोपी लखनऊ आकर पीड़िता से मिलने भी लगा। पीड़िता के मुताबिक आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। पीड़िता ने दूरियां बढ़ा लीं। आरोपी को मोबाइल नंबर भी ब्लॉक कर दिया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता के मोबाइल पर



अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल करना शुरू कर दिया। पीड़िता को परेशान करने लगा। अश्लील मेसेज भेजना शुरू कर दिए। 23 फरवरी 2026 में पीड़ित की निजी फोटो और उसके आवास की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी। पीड़िता को इंस्टाग्राम पर बदनाम करना शुरू कर दिया। यही नहीं आरोपी ने पीड़िता के भाई और पिता को जान से मारने की धमकी भी दी। इंस्पेक्टर गाजीपुर राजेश मौर्या के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## साइबर जालसाजों ने चार लोगों से ठगे 10.23 लाख रुपये


कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अलीगंज, आशियाना, सआदतगंज व कृष्णानगर थाने में दर्ज हुई एफआईआर
- कुरियर सर्विस, बैंक अधिकारी, वर्क फ्राम होम और वीजा के नाम पर हुई ठगी

**अमृत विचार:** साइबर जालसाजों ने राजाधानी के चार लोगों को शिकार बनाया। आरोपियों ने चारों लोगों से 10.23 लाख रुपये ठग लिये। जालसाजों ने कुरियर सर्विस, बैंक अधिकारी, वर्क फ्राम होम और वीजा के नाम पर ठगी की। पीड़ितों ने अलीगंज, आशियाना, सआदतगंज व कृष्णानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रायबरेली रोड शारदा नगर योजना सैनिक एंक्लेव में रहने वाले राजेंद्र पाल के मुताबिक 28 फरवरी की शाम उनके पास अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि वह योनो एसबीआई का अधिकारी रवि कुमार है। उसने खाते संचालन के बारे में जानकारी ली। इसके बात खाते से चार बार में 5,99,371 रुपये उड़ा दिए। मैसेज आने पर जानकारी हुई तब थाने में जानकारी दी। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। साइबर क्राइम सेल मामले की जांच कर रही है।

वहीं, त्रिवेणीनगर निवासी



अविरल द्विवेदी ने अलीगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्होंने योगालाइफ से फूड सप्लीमेंट मंगवाया था। इसके बाद शिव रॉकेट कोरियर कंपनी की ओर से फोन कर बताया गया कि पार्सल लखनऊ वेयरहाउस पहुंच चुका है, लेकिन भुगतान होल्ड है। ठगों ने अलग-अलग खातों में पांच ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 69,486.99 रुपये जमा करवा लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने अलीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

**वीजा दिलाने के नाम पर 97 हजार की ठगी:** कृष्णा नगर निवासी राम आशीष शुक्ला ने बताया कि वीजा खुलवाने के नाम पर उनसे 97 हजार रुपये की ठगी की गई। साइबर क्राइम में शिकायत के बाद 24,600 रुपये होल्ड होने की जानकारी मिली है। पीड़ित ने कृष्णानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच साइबर क्राइम सेल की मदद से कर रही है।

### वर्क फ्रॉम होम के नाम पर युवती से ठगी

- सहादतगंज की रहने वाली इकरा फातिमा ने बताया कि इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम का विज्ञापन देखकर उन्होंने आवेदन किया। इसके बाद व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए उन्हें टास्क दिए गए। शुरुआत में कुछ पैसे वापस भेजकर भरोसा जीत लिया गया, लेकिन बाद में अलग-अलग बहानों से उनसे हजारों रुपये जमा करा लिए गए। जब उनसे 2 .58 लाख रुपये और जमा करने को कहा गया तो उन्हें ठगी का अहसास हुआ। पीड़िता ने सआदतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

## कंपनी की संपत्ति बेचकर लाखों हड़पे, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नागेश्वर नाथ रियल स्टेट प्रा लि कार्पोरेट के साझीदार के शिकायत पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार:** नागेश्वर नाथ रियल स्टेट प्रा लि कार्पोरेट के साझीदार राजेश कुमार मिश्रा ने बीकेटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने कंपनी के साझीदार बीनम, विपिन कुमार सिंह और पूजा सिंह पर लाखों रुपये की हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के मुताबिक तीनों ने मिलकर कंपनी के नाम खरीदे गये भूखंड पर निर्मित मकान को बेच दिया। रकम अपने खाते में जमा करा ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूलतः मुंबई के ओशिवारा बरिहान निवासी राजेश कुमार मिश्रा जानकीपुरम तिवारीपुर में मकान बनाकर रहते हैं। वह नागेश्वर नाथ रियल स्टेट प्रा लि कार्पोरेट में 25 प्रतिशत के साझीदार है। जिसका कार्यालय जानकीपुरम के सैदपुर जागीर में है। उनके साथ सह-डायरेक्टर व अन्य लोगों ने मिलकर धोखाधड़ी की। आरोप है कि कंपनी ने वर्ष 2021 में बख्शी का तालाब तहसील के तिवारीपुर गांव में गाटा संख्या 26 की करीब 3000 वर्गफुट जमीन खरीदी थी, जिस पर तीन भवन बनवाए गए। उनके के मुंबई चले जाने का फायदा उठाकर कंपनी की सह-डायरेक्टर बीनम तिवारी ने विपिन कुमार सिंह और पूजा सिंह से मिलीभगत कर दो भवन 15 सितंबर 2021 को और एक भवन 29 मार्च 2022 को अलग-अलग लोगों को करीब 90.50 लाख रुपये में बेच दिए। जो रकम मिली कंपनी के खाते से निकालकर आरोपियों ने आपस में बांट लिया। राजेश का आरोप है कि कंपनी के नियमों के अनुसार सह-डायरेक्टर सिर्फ 75 प्रतिशत का हिस्सेदारी ही बेच सकते हैं। आरोपियों ने फर्जीवाड़ा कर पूरी संपत्ति बेच दी। इस मामले में बीकेटी थाने में एक फरवरी को तहरीर दी। पर, पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। 11 फरवरी को एसीपी और 14 फरवरी को डीसीपी से शिकायत की गई। परेशान होने के बाद उन्होंने कोर्ट में अर्जी डाली। कोर्ट के आदेश पर बीकेटी थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### परीक्षा दे रहे अभ्यर्थी के दो मोबाइल स्कूटी की डिग्गी से चोरी

अमृत विचार, सरोजनीनगरः सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित टेक टेस्टिंग सॉल्यूशन सेंटर पर रविवार को परीक्षा देने पहुंचे एक अभ्यर्थी के दो मोबाइल स्कूटी की डिग्गी से चोरी हो गया। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित टेक टेस्टिंग सॉल्यूशन सेंटर पर रविवार को दोपहर करीब 1 बजे से क्यूएट पीजी एमबीए की ऑन लाइन प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई थी, अभ्यर्थियों ने मोबाइल अपने दोपहिया वाहनों में रख दिए परीक्षार्थी बाहर निकले तो गोमती नगर के विराम खंड निवासी अभ्यर्थी अपूर्व निगम की स्कूटी का लॉक टूटा होने के साथ उसकी डिक्की में रखे उसके दो कीमती मोबाइल गायब मिले।

## युवती से दुष्कर्म का प्रयास, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** पारा के सरोसा में शनिवार रात को घर से बाहर नित्यक्रिया के लिए जा रही युवती से पड़ोस में रहने वाले युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। युवती ने शोर मचाया तो उसके परिजन आ गये। जिस पर नाराज युवक और उसके परिजन ने लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी और पत्थर से हमला कर दिया। हमले में युवती के पिता, चाचा और भाई घायल हो गये। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस ने रविवार देर शाम विसनू और सौरभ को गिरफ्तार कर लिया। अन्य की तलाश जारी है।

सरोसा में रहने वाली युवती ने आरोप लगाया कि शनिवार रात घर के बाहर बने शौचालय में नित्यक्रिया के लिए जा रही थी। पहले से घात लगाए बैठे पड़ोसी विसनू ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। शोर मचाने पर मेरे परिजन बाहर आ गए और विरोध करने लगे। जिस पर विसनू के परिजन अनीस, मनीष, बच्चू लाल, सौरभ, रामचंद्र व कुछ अज्ञात मिलकर मुझे व मेरे परिवार पर लाठी डंडे, पत्थर व कुल्हाड़ी से वार कर दिया और जमकर पिटाई कर दी। जिससे पिता व चाच लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

### नशे में धुत युवकों ने मारी टक्कर, छात्र को पीटा

**अमृत विचार, आलमबाग :** आशियाना स्थित राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के एक छात्र की कार को नशे में धुत युवकों ने टक्कर मार दी। कृष्णा नगर के न्यू आशुतोष नगर निवासी मुदित कुमार सिंह राम मनोहर लोहिया लॉ विश्वविद्यालय में चौथे वर्ष के विधि छात्र हैं। मुदित के अनुसार, 26 फरवरी की सुबह वह अपनी कार से विश्वविद्यालय परिसर की पार्किंग की ओर जा रहे थे। तभी मुख्य गेट के पास तेज रफ्तार से आ रही कार संख्या UP 32 NW 2025 ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। छात्र का कहना है कि कार में चार युवक सवार थे और सभी नशे की हालत में थे। टक्कर मारने के बाद वे मौके से फरार हो गए।

## रंजिश में युवक पर कार चढ़ाकर मारने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुशांत गोल्फ सिटी के हरिहरपुर निलमथा गांव की घटना

**अमृत विचारः** सुशांत गोल्फ सिटी के हरिहरपुर निलमथा गांव में पुरानी रंजिश में माता प्रसाद पर दबंग ने अपनी कार चढ़ाकर मारने का प्रयास किया। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से भाग गया। गंभीर हालत में उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बेटी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

पीड़ित माता प्रसाद के मुताबिक 4 मार्च को गांव के ही विशाल रावत उर्फ नौमी लाल अपने साथियों अजय, शुभम, शबनी और शिवम के साथ पहुंचा। आरोप है कि विशाल गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। विरोध करने पर नौमी ने अपनी कार ले आया और माता प्रसाद के उपर चढ़ा दी। जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी माता प्रसाद को घायल छोड़कर मौके से भाग निकले। ग्रामीणों के पहुंचने पर माताप्रसाद को घायल देखा और परिजनों को जानकारी दी। परिवार के लोग माताप्रसाद को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर बताई।

### मारपीट और तोड़फोड़ करने की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगरः सरोजनी नगर के एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे पर युवक को दबंगों ने पीट दिया। उसके वाहन में तोड़फोड़ की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

छंगालाल इंटर कॉलेज के पास रहने वाले करन यादव के मुताबिक 6 मार्च की शाम करीब 7 बजे थाना क्षेत्र स्थित एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे से कुछ दूर कानपुर रोड पर वह अपनी वैगनआर कार में बैठकर चाय पी रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान सामने खड़ी स्कूटी को हॉर्न देने पर वहां मौजूद अनरुद्दीन, आजाद, नूरुद्दीन और इरशाद अहमद नाराज हो गए और गाली-गलौज करते हुए करन के साथ मारपीट करने लगे।

**एफआईआर दर्ज** | डॉ . राम मनोहर लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में हुई घटना, छेड़छाड़ का आरोप

## गलत इंजेक्शन लगाने का विरोध करने पर बहनों को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में गलत तरीके से इंजेक्शन लगाने का विरोध करने पर दो बहनों के साथ मारपीट की गई। बहनों का आरोप है कि अस्पताल के स्टाफ और सिक्योरिटी गार्डों ने उनसे छेड़छाड़ भी की। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता के अनुसार, वह अपनी छोटी बहन को इलाज के लिए शाम करीब सात बजे इमरजेंसी विभाग लेकर पहुंची थी। वहां मौजूद नर्स नस में इंजेक्शन लगाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन कई बार प्रयास करने के बावजूद इंजेक्शन सही से नहीं लग पाया। इस दौरान मरीज के हाथ में कई जगह सुई लगने से खून भी निकल आया। जब बड़ी बहन ने इस पर आपत्ति जताई, तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसी दौरान नर्स ने गुस्से में मरीज को जोर से इंजेक्शन लगा दिया। जिससे उसे तेज दर्द हुआ और वह चिल्लाने लगी। पीड़िता के मुताबिक जब उसने इस पूरे मामले की शिकायत करने की बात कही, तो वहां मौजूद महिला कर्मचारी ने उसे थप्पड़ मार दिया।

मामला बढ़ा तो कंपाउंडर और सिक्योरिटी गार्ड मौके पर पहुंच गए और दोनों बहनों के साथ मारपीट करने लगे। थोड़ी ही देर में अन्य कर्मचारी और गार्ड भी वहां आ गए। जब उन्होंने घटना का वीडियो बनाने की कोशिश की तो उनका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया गया।

### छेड़छाड़ और कपड़े फाड़ने का आरोप

- आरोप है कि मारपीट के दौरान उनके कपड़े फाड़ दिए गए और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। विरोध करने पर उन्हें झूठे मामले में फंसाकर जेल भेजने की धमकी भी दी गई। दोनों बहनें पास की पुलिस चौकी पहुंचीं, लेकिन वहां सहयोग नहीं मिला। इसके बाद युवती ने अपने परिचित वकीलों को बुला लिया। जिसके कारण माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस व वकीलों के बीच काफी देर तक बहस होती रही। मौके पर मौजूद एक सिक्योरिटी गार्ड को पहचानने पर नाराज वकीलों ने उसकी पिटाई कर दी। विभूति खंड इंस्पेक्टर अमर सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

मरीज की महिला तीमारदार ने सबसे पहले ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स के साथ दुर्व्यवहार करते हुए हाथापाई की, जिससे यह स्थिति उत्पन्न हुई। इसके बाद मरीज के तीमारदारों ने अन्य लोगों को भी बुला लिया और अस्पताल परिसर में हंगामा किया, जिसके दौरान ड्यूटी पर तैनात एक सुरक्षा गार्ड के साथ भी हाथापाई की गई। इस घटना के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी गई है। संस्थान द्वारा पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच भी कराई जा रही है। नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ . भुवन चंद्र तिवारी
प्रवक्ता लोहिया संस्थान

## बंद मकानों का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर विस्तार में सेल्स मैनेजर व सरोजनीनगर में किसान के घर हुई घटना

**अमृत विचार :** राजधानी के गोमतीनगर विस्तार स्थित खरगापुर विष्णुपुरी कॉलोनी में सेल्स मैनेजर और सरोजनीनगर के रनियापुर में किसान के घर का ताला तोड़कर चोरों ने करीब 25 लाख रुपये के सामान और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ितों ने थाने में तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विष्णुपुरी कॉलोनी, खरगापुर निवासी दिलीप चंद्र गुप्ता टाटा हाउसिंग में सेल्स मैनेजर हैं। उन्होंने बताया कि 3 मार्च को वह अपने परिवार के साथ होली की छुट्टी के कारण दोपहर करीब 1:30 बजे अपने पैतृक घर सुल्तानपुर के नवीपुर मोहल्ले चले गए थे। 5 मार्च की सुबह करीब 9 बजे जब वह वापस लौटे तो मुख्य गेट और अंदर का दरवाजा टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखी अलमारी भी टूटी हुई थी। अलमारी की तिजोरी में रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे। चोर घर से सोने की कमर पेटी, तीन अंगूठियां (एक जेंट्स और दो लेडीज), कान की तीन जोड़ी झुमकी, मंगलसूत्र, नाक की नथिया, चांदी की पायल, बिछिया, बच्चे का कड़ा, चांदी की चेन और कंगन समेत अन्य जेवरात चोरी कर ले गए। इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी के मुताबिक आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिए आरोपियों की तलाश की जा रही है।

वहीं सरोजनीनगर के रनियापुर निवासी किसान उमाशंकर अपनी पत्नी, बहू और बेटे शिव शंकर के साथ रहते हैं। होली के त्योहार के चलते उनकी विवाहित बेटी भी घर आई हुई थी। उमाशंकर के बेटे शिव शंकर के अनुसार शनिवार रात सभी परिवार के सदस्य खाना खाकर घर में सो गए थे। उमाशंकर मुख्य दरवाजे पर लगे चैनल के पास बाहर सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने घर के बगल वाले चैनल का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी तोड़ दी और उमाशंकर की पत्नी, बहू और बेटी के लगभग 15 लाख रुपये के गहने तथा 75 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। रविवार सुबह जब उमाशंकर उठे तो उन्हें घर के बगल वाले चैनल का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखने पर अलमारी और लॉकर टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## सिटी ब्रीफ

### नारी एक रूप अनेक थीम पर प्रतियोगिताएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** नव अंशिका फाउंडेशन ने महिला दिवस पर नारी एक रूप अनेक विषय पर गोमती नगर विकल्प खंड तीन स्थित प्रतिष्ठित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्लोगन और चित्रकला की प्रतियोगिता कराई। इसमें नव्या, ईशी, पीहू, मायरा, रितिका, अनुष्का, कायनात, माधव समेत कई महिलाओं ने प्रतिभाग किया। फाउंडेशन की अध्यक्ष नीशू त्यागी ने बताया कि 15 मार्च को नारी एक रूप अनेक विषय पर रंगोली प्रतियोगिता होगी। 29 मार्च को महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। नृत्यांगना और मोटिवेटर स्पीकर अंशिका त्यागी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हमेशा नारी को देवी का स्थान दिया है। संस्था की उपाध्यक्ष नीरा लोहानी, रेखा शर्मा, चन्द्र प्रभा मायर, गरिमा श्रीवास्तव, रचना सिंह, पूनम पाण्डेय, ललिता सरीन उपस्थित रहे।

### दो दर्जन महिलाओं को ओढ़ाई शॉल

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन ने उत्तरधौना स्थित लोग बंधु राज नारायण मेमोरियल इंटर कॉलेज में दो दर्जन से अधिक महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और शॉल देकर सम्मानित किया। प्रबंधक शिवकुमार सिंह ,संदीप सिंह प्रधान, संगठन अध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह, पूर्व पार्षद स्नेहलता राय, डॉ. किरण द्विवेदी और उपनिरीक्षक प्रियंका राठौर मौजूद रहे। संचालन प्रवीण सिंह ने किया।

### 120 छात्राओं को लगा एचपीवी का टीका

**अमृत विचार,लखनऊ :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केजीएमयू में एमबीबीएस और बीडीएस की छात्राओं के लिए नि:शुल्क एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई। 120 छात्राओं को वैक्सीन लगाई गई। कुलपति पद्मश्री प्रो. सोनिया नित्यानंद के नेतृत्व में आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रो. अंजू अग्रवाल, प्रो. केके सिंह, प्रो. सुरेश कुमार, प्रो. सुजाता देव्, प्रो. रश्मि कुशवाहा, प्रो. तीर्थराज और डॉ. पूजा सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### थैलेसीमिया के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को जीतो संस्था के देखरेख में शहर में कैंसर और थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कार रैली निकाली गई। यह रैली डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए बीबीडी बैडमिंटन एकेडमी पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में करीब 150 से अधिक वाहनों ने भाग लिया। रैली को संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट और पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### उत्तराखंड महापरिषद ने मनाया होली मिलन

**अमृत विचार,लखनऊ :** उत्तराखंड महापरिषद ने कुर्मांचल नगर स्थित रामलीला मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें महिलाएं और पुरुष परंपरागत पोषाक में नजर आए। महिलाओं ने होली पर परंपरागत लोकगीत गाए। मुख्य अतिथि नंदन सिंह बोरा ने कहा कि जिस प्रकार से रंग किसी भी चीज को अपना लेता है और वक्ती तौर पर अपनी छाप बना लेता है ठीक उसी तरह हमें भी आपस में अपने प्रेम व्यवहार से एक दूसरे को अपना समझना चाहिए। प्यार और सौहार्द से ही व्यक्ति का व्यक्तित्व झलकता है। परिषद के अध्यक्ष हरीश चंद्र पंत, महासचिव भारत सिंह बिष्ट ने कहा कि हमें समाज में एकजुट होकर समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए ।रामलीला समिति के अध्यक्ष दीवान सिंह अधिकारी, महामंत्री बिपिन सिंह, नवीन चौधरी, पंकज खर्कवाल, विनोद सनवाल शामिल हुए।

### लड़कियां बड़ी लड़ाका होती हैं को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**अमृत विचार,लखनऊ :** लखनऊ के युवा व्यंग्यकार पंकज प्रसून की कविता लड़कियां बड़ी लड़ाका होती हैं को श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता की ओर से आयोजित राष्ट्रीय काव्य प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार मिला है। प्रतियोगिता की संयोजक एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट की हिंदी अधिकारी शैली शा ने बताया कि देश भर के कवियों की 1000 से अधिक प्राप्त कविताओं में से तीन कविताओं का चयन ज्यूरी ने किया। इसमें लखनऊ के पंकज प्रसून को 25 हज़ार रुपये का तीसरा पुरस्कार दिया गया। पंकज प्रसून की अनुपस्थित में कोलकाता के वरिष्ठ साहित्यकार सुरेश चौधरी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाएं सम्मानित

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर झंडी वाला पार्क में हुए कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल ने दिए प्रशस्तिपत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को महापौर ने नगर निगम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला चैंपियन, सुपरवाइजर और सफाई मित्रों को सम्मानित किया। जोन-1 से निधि, जोन-2 से शशिकला, जोन-3 से रुचि, जोन-4 से अनीता, जोन-5 से प्रीति यादव, जोन-6 से ज्योति, जोन-7 से माया और जोन-8 से शालिनी को प्रशस्तिपत्र दिए गए। इस दौरान महापौर ने कहा कि ये केवल उत्सव का दिन नहीं बल्कि महिलाओं की शक्ति, प्रतिभा और योगदान को सम्मान देने का अवसर है। नगर के विकास और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

नगर निगम ने मुख्यालय स्थित झंडी वाला पार्क में आयोजित कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने महापौर ने स्टॉलों का अवलोकन करने के साथ महिलाओं से संवाद भी किया।

इस दौरान रस्साकसी, रंगोली, म्यूजिकल चेयर, बैलून रेस, लेमन रेस, मेहंदी और बिंदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिनमें महिला पार्षद, महिला जोनल अधिकारी, विद्यालयों की प्रिंसिपल, शिक्षिकाएं, एसएफआई, सुपरवाइजर, सफाई मित्र, छात्राएं तथा अन्य महिला कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। उपाध्यक्ष चरनजीत गांधी, कार्यकारिणी सदस्य गौरी सांवरिया, पिंकी रावत, नगर आयुक्त गौरव कुमार, पार्षद रेखा सिंह, योगिता यादव, पूजा जसवानी, मुस्कान भारती आदि रहीं। संचालन शालिनी अग्रवाल ने किया।



सम्मानित की गईं महिला चैंपियन, सुपरवाइजर और सफाई मित्र के साथ महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य।

### म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में रश्मि प्रथम और पारुल रहीं द्वितीय

- म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में एसएफआई रश्मि ने प्रथम, छात्रा पारुल ने द्वितीय और शिक्षिका अंजली तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैलून रेस में सेल्फ हेल्प ग्रुप की कुमकुम पहले, प्रिया दूसरे और अंकिता तीसरे स्थान पर रहीं। लेमन रेस में एसएफआई योगिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभिलाषा द्वितीय और एसएफआई तृतीय स्थान पर रहीं। रंगोली में जोन-3 की सविता प्रथम, जोन-5 की रोशनी द्वितीय और जोन-1 की रेनू तृतीय स्थान पर रहीं। बिंदी प्रतियोगिता में चिल्ड्रन पैलेस स्कूल की शिक्षिका सारिका सिंह ने प्रथम पुरस्कार जीता।


वन विभाग के कुकरैल रेंज में विभाग के अधिकारियों के साथ सम्मानित की गईं महिलाएं। अमृत विचार

### पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाली महिलाओं को वन विभाग ने नवाजा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मानित किया। जिन महिलाओं को सम्मानित किया गया वह पौधशालाओं में पौधरोपण, पौधों के संरक्षण और वन और पर्यावरण की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इन महिलाओं को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र प्रदान कर किए गए। इसके पहले अवध वन प्रभाग लखनऊ की ओर से कुकरैल रेंज में कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि उद्यमी सुनैना चौधरी ने सिंदूर का पौधा लगाकर की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण तथा प्रकृति के संरक्षण में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को अत्यंत आवश्यक बताते हुए महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। डीएफओ सितांशु पाण्डेय, संजय मिश्रा (क्षेत्रीय वन अधिकारी, शहरी रेंज) सहित अवध वन प्रभाग, लखनऊ के अन्य अधिकारी और वन कर्मी मौजूद रहे।

### 40 महिलाओं को दिया नारी शक्ति अवार्ड

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ फिजियोथेरेपी एसोसिएशन और अन्तर्राष्ट्रीय हेल्थ और फिटनेस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में एक होटल में इंडिया हेल्थ एंड फिटनेस का आयोजन किया गया। जिसमें 250 फिजिओथेरेपिस्ट उपस्थित रहे। आयोजन सचिव डॉ. संजय शुक्ला ने डॉ दीप्ति रोहन, डॉ. गरिमा चौरसिया, डॉ. दीपिका शर्मा, डॉ. नेहा किनवर, डॉ. चारु अग्निहोत्री, डॉ. अनुपमा धुरिया, डॉ शालिनी पांडे, डॉ सुनीता गौतम, डॉ नैन्सी श्रीवास्तव, डॉ जन्नत तनसीम, डॉ आशिका पाठक, डॉ पूनम पचुरिया, डॉ शिवाली गुप्ता, डॉ. शीबा परवीन, डॉ. प्रीति वर्मा, डॉ. श्रद्धा सिंह, डॉ. गीतांजलि डी सिंह, डॉ. नौसीन जहां, डॉ. आकांक्षा उपाध्याय, डॉ. अर्शी मिर्जा, डॉ. नम्रता सूरी, डॉ. कीर्ति पांडे, डॉ. अलका यादव, डॉ. वर्षा श्रीवास्तव, डॉ. रेशमा, डॉ. वर्षा कुमारी, डॉ. अंजली वर्मा, डॉ. दीपिका (नम्रता), सुषमा भारद्वाज पाठक, डॉ. स्वाति पांडे, हरलीन कौर, निशा तिवारी, डॉ. अनुराधा तिवारी, डॉ. तृप्ति शुक्ला और दीप्ति शामिल समेत 40 महिलाओं को नारी शक्ति अवार्ड दिया गया। मुख्य अतिथि महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव रहीं। डॉ. सुदीप सक्सेना, प्रो सुमित अस्थाना, डॉ. योगेश मध्यान, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. हरिकेश वर्मा, डॉ. आशीष सिंह, डॉ. नम्रता सूरी और डॉ, विवेक गुप्ता ने भी विचार साझा किए।


महिला को सम्मानित करतीं अपर्णा यादव।

### 51 महिला कलाकारों की प्रदर्शनी शुरू

**अमृत विचार,लखनऊ:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य ललित कला अकादमी में इंद्राणी नाम से 51 महिला कलाकारों की प्रदर्शनी शुरू हुई। प्रदर्शनी का उदघाटन कला स्रोत आर्ट गैलरी की निदेशक मानसी डिडवानिया, लार्ड बुद्धा वेल्फेयर फाउंडेशन के सचिव दिवाकर पटेल, ललित कला अकादमी के पूर्व अध्यक्ष सीताराम कश्यप और अकादमी सदस्य किरण सिंह राठौर ने किया।

प्रदर्शनी में डॉ. कुमुद सिंह, पूनम नाग, अंजली सिंह, सपना यादव, अमिता वर्मा, तूलिका कश्यप, आदित्या गुप्ता, शिखा पाण्डेय, आराधना पाण्डेय और शालिनी गौतम की दर्शनीय कृतियां प्रदर्शित हैं। आदित्या गुप्ता ने पिंजरे में लिपस्टिक, अर्चना पाण्डेय ने बांसुरी के साथ साध्वी और शालिनी गौतम ने शतरंज की शानदार कृतियां बनाई हैं। इस प्रदर्शनी में पुराने दौर के रसोई में इस्तेमाल होने वाली सिल और चक्की भी प्रदर्शित की गई है।

## आशा और एएनएम को सीएमओ ने दिए प्रशस्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर जनजागरूकता रैलियां और गोष्ठियां आयोजित की गईं। सीएचसी अलीगंज में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर जनजागरूकता रैली को रवाना किया ।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 22 आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, सीएचसी अधीक्षक डॉ. हेमंत कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सतीश यादव, जिला आयुष्मान सेल के मसर्रत जमा, विवेक चित्रांश, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शालिनी सहित आशा, एएनएम और अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।


आशा कार्यकर्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए सीएमओ।

### महिलाओं के सामने नई चुनौतियों पर चर्चा

- **अमृत विचार :** एडवा राज्य कार्यालय परिसर में एडवा, महिला फेडरेशन, एसएफआई और जनवादी लेखक संघ के तत्वावधान में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जनगीत, कविता पाठ तथा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने महिला आंदोलन के गौरवशाली इतिहास और वर्तमान चुनौतियों पर विचार रखे। अध्यक्षता सुनीता घोष और संचालन वंदना राय ने किया। शुरुआत जनवादी लेखक संघ की नाइश हसन द्वारा युद्ध के खिलाफ और शांति के पक्ष में प्रस्ताव रखकर की गई।


बिजनौर स्थित 91वीं वाहिनी रैपिड एक्शन फोर्स परिसर में महिला दिवस पर कार्यक्रम हुआ। इसमें क्षेत्रीय कावा प्रमुख निरुपमा ओझा, कमांडेंट जितेन्द्र कुमार ओझा व अन्य अधिकारी, वाहिनी की महिला कर्मी आदि मौजूद रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

### इसी का नाम जिंदगी संस्था ने काटा केक

- **अमृत विचार, लखनऊ :** इसी का नाम जिंदगी संस्था की ओर से एक होटल में महिला दिवस समारोह और होली उत्सव का आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्ष कविता शुक्ला ने बताया कार्यक्रम में सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया साथ ही काव्य और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कविता शुक्ला, अनिता शर्मा. ,शिल्पा सिंह, नूतन, अमृता, पुष्पा, रेणु गुप्ता, अंकिता, पूजा, रीता पांडे, विभा, सुधा सिंह, वैशाली रस्तोगी, प्रणिता पांडे, शीला बिष्ट, अमरीश कौर, एकता सिंह, मेघना, भावना तिवारी आदि मौजूद रहीं।

### 85 महिलाओं को भेंट किए अंगवस्त्र

- अमृत विचार, लखनऊ : फैजुल्लागंज में महिला दिवस पर दुर्गा वाहिनी की विशेष बैठक आयोजित की गई। इस दौरान महिलाओं ने एक दूसरे को गले लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी ने 85 महिलाओं को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित भी किया।

## खुलकर बोलीं प्रबुद्ध महिलाएं



- समाज में जो महिलाएं पढ़ी- लिखी हैं उनका दायित्व बनता है कि वह अपने आसपास की महिलाओं को जागरुक करें। जो महिलाएं घरों में कार्य करती हैं या छोटे व्यवसाय से जुड़ी हैं उनको सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ कैसे मिल सकता है इसे लेकर बताएं। उनका मार्गदर्शन करें तो बहुत बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है।

**-डॉ. भारती पाण्डेय, अर्थशास्त्र विभाग, श्रीजयनारायण पीजी कॉलेज**



- नारी शक्ति अपने घर-परिवार और आस पड़ोस में अच्छी आदतें विकसित करने का प्रयास करे तो बहुत बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। पर्यावरण, स्वच्छता, बचत और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आग्रह हम अपने घर से शुरु करें तो उसका प्रभाव दूसरे लोगों पर भी पड़ेगा। यह छोटे-छोटे कदम बहुत परिणामकारी और परिवर्तन ला सकते हैं जिससे देश को विकसित किया जा सकता है।

**-डॉ. अनामिका चौधरी, अर्थशास्त्र विभाग, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय**



- महिलाएं आज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। रुढियों और कुप्रथाओं को लांघकर नारी शक्ति अब राष्ट्र के सर्वोच्च पद से लेकर जल, थल, नभ सेनाओं में विज्ञान और नवाचार सहित खेलकूद में आगे बढ़ रही है। बिना नारी शक्ति के सशक्त हुए कोई भी राष्ट्र सशक्त नहीं बन सकता। महिलाएं बच्चों का समाजीकरण कर लैंगिक चेतना जगा बेहतर समाज बना सकती हैं। कानून की जरुरत नहीं पड़ेगी।

**-डॉ. सुप्रिया सिंह, समाजशास्त्र विभाग, खुनखुन जी गर्ल्स कॉलेज**



- मैंने खेल की दुनिया में अपना मुकाम बनाने के लिए केडी सिंह बाबू स्टेडियम जिमनास्टिक की प्रैक्टिस शुरू की। मुझे राष्ट्रीय स्तर पर मौका नहीं मिला, इसलिए गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में सेलेक्ट होकर 11 वर्ष की आयु में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपना करियर का पहला नेशनल खेला और प्रदेश को मेडल दिलाया।

**-पूजा गुप्ता, स्पोर्ट्स टीचर, राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज**



- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह आवश्यक है कि हम महिलाओं के वास्तविक सशक्तिकरण की दिशा में ठोस प्रयास करें। महिलाओं की प्रगति केवल सामाजिक सम्मान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उन्हें आर्थिक और राजनीतिक दोनों क्षेत्रों में समान अवसर और भागीदारी मिलनी चाहिए। वित्तीय समावेशन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाता है, जबकि राजनीतिक सहभागिता उन्हें निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाती है।

**-डॉ. रुचिता सुजय चौधरी, पत्रकारिता विभाग, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय**



- महिलाएं अपनी क्षमता को पहचानें, दुनिया का कोई ऐसा काम नहीं जो वे न कर सकें। नई पीढ़ी की महिलाओं को मेरा यही संदेश है कि वे ''वुमेन लिब्रेशन'' शब्द को सकारात्मक अर्थ में लें। भारतीय ज्ञान परंपरा में वर्णित स्त्री की कोमलता एवं शालीनता को आत्मसात करते हुए अपना लोहा मनवाएं। मन से उस नकारात्मक सोच को निकालें कि पुरुष हमारी स्वतंत्रता एवं विकास के विरोधी है। स्त्री पुरुष एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

**-प्रो. रचना श्रीवास्तव, प्राचार्य एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज**



- महिलाएं एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में सांस्कृतिक विरासत को हस्तांतरित करती हैं। मातृशक्ति की देवी के रूप में शक्ति, विद्या और धन के लिए आह्वान किया जाता रहा। रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्या बाई होलकर जैसी शासिकाओं ने दृढ़ता और कुशलता से अपना राज्य चलाया। महिलाओं को शारीरिक, बौद्धिक रूप से सशक्त करना होगा जिससे एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण हो।

**-प्रो. मंजुला उपाध्याय, प्राचार्या, नवयुग कन्या महाविद्यालय**



- महिलाएं स्वभाव से ही प्रकृति प्रेमी होती है और उनका प्रकृति से गहरा नाता होता है। आज आवश्यकता है कि महिलाएं प्रकृति के संरक्षण को आगे आएं और पर्यावरण को भी अपनी चिंता का विषय बनाएं।

**-मधु तांबे, सचिव, जेएफ चैरिटेबल ट्रस्ट व पूर्व उपनिदेशक सूचना**

सम्मान | उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने चलाया विशेष अभियान

# मेट्रो ट्रेन में महिला यात्रियों को दिए गुलाब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) की ओर से एक विशेष पहल के तहत महिला यात्रियों का गुलाब भेंट कर अभिनंदन किया गया। रविवार को लखनऊ मेट्रो के स्टेशन कंट्रोलरों ने चलती मेट्रो ट्रेन और हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर महिला यात्रियों को गुलाब देकर उनका स्वागत किया।

इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान को सराहना था। मेट्रो में सफर कर रही महिला यात्रियों ने इस पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया और इसकी सराहना की। यात्रियों का कहना था कि इस तरह की छोटी लेकिन सार्थक पहलें समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सकारात्मक संदेश को बढ़ावा देती हैं। इस दौरान स्टेशन और मेट्रो ट्रेन में खुशनुमा और उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।

### मेट्रो संचालन में बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी

- उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन एक सशक्त और समावेशी संगठन के रूप में उभर रहा है, जहां कंस्ट्रक्शन, मेंटेनेंस और ट्रेन ऑपरेशन जैसे कोर तकनीकी क्षेत्रों में भी महिलाएं सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। खासतौर पर ट्रेन संचालन में 30 प्रतिशत से अधिक कर्मचारी महिलाएं हैं, जो महिला सशक्तिकरण और समान अवसरों की दिशा में एक सकारात्मक उदाहरण पेश करती हैं।


महिला यात्री को गुलाब का फूल देती मेट्रो कर्मी।

# महिलाओं-किशोरियों को बताए अधिकार

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचार:** इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया और यूपीसीईजी द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बुद्धेश्वर में महिलाओं और किशोरियों की आवाज़, अधिकार और नेतृत्व विषय पर एक संवाद कार्यक्रम किया। टीम मेंबर राबिया, हेमा, वैभवी, संध्या, संगीता, श्रद्धा, पिंकी श्रृष्टि, आकांक्षा, अर्पिता, मुस्कान, सविता, अल्सिफा सहित 100 से अधिक महिलाओं एवं किशोरियों ने सहभागिता की। अमित मिश्रा ने कहा कि जब हम महिलाओं को अवसर, समय और संसाधन उपलब्ध कराते हैं, तो पूरा समाज लाभान्वित होता है। अधिवक्ता विरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि, आज भी अनेक महिलाएं अपने कानूनी अधिकारों से अनजान हैं। कानूनी जागरूकता सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी है और न्याय तभी संभव है जब जागरूकता के साथ ठोस कार्रवाई की जाए। शालिनी शुक्ला ने भी जागरूक किया। किशोरी वर्तिका नेता ने कहा कि उम्र नहीं, हिम्मत मायने रखती है। हर लड़की की आवाज़ में ताकत है। मैं वकील बनकर महिलाओं के अधिकारों के लिए कार्य करना चाहती हूं। कुमारी नेहा ने कहा कि हम नई पीढ़ी की लड़कियां हैं। हम सवाल पूछती हैं, आगे बढ़ती हैं और सकारात्मक बदलाव लाने का साहस रखती हैं।


महिलाओं को उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी देती पुलिसकर्मी।

## सिटी ब्रीफ

### सीएमएस की पूर्व छात्रा प्रियाशा बनीं अफसर



**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की पूर्व छात्रा प्रियाशा वर्मा का इस वर्ष भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन हुआ है। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा में प्रियाशा ने अखिल भारतीय स्तर पर 324वीं रैंक अर्जित की है। संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि प्रियाशा ने कक्षा-4 से 12वीं तक की शिक्षा सीएमएस गोमती नगर प्रथम कैम्पस से प्राप्त की और आईसीएसई (कक्षा-10) की परीक्षा 96.20 प्रतिशत एवं आईएससी (कक्षा 12) की परीक्षा 98 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण की। इसके उपरान्त, आई.आई.टी.-बी.एच.यू. से सिविल इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री हासिल की। वर्तमान छात्रों को संदेश देते हुए प्रियाशा ने कहा कि खुद पर भरोसा रखें और कड़ी मेहनत करें। एक दिन आप वो हासिल कर लेंगे जो आप चाहते हैं। प्रियाशा के पिताजी रेलवे में चीफ इंजीनियर है और वर्तमान में जबलपुर में सेवारत है, जबकि माताजी गृहणी हैं।

# धमाकेदार प्रदर्शन कर पीजीआई ने किया चांसलर कप पर कब्जा

## फाइनल में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय को चार विकेट से हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जनभवन के खेल मैदान पर आयोजित चांसलर कप इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय को चार विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। जनभवन और एकेटीयू के संयुक्त देखरेख में आयोजित इस प्रतियोगिता में लखनऊ के आठ प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था।

फाइनल मैच में एसजीपीजीआई के निदेशक और टीम के कप्तान पद्मश्री प्रो. राधा कृष्ण धीमन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की टीम एसजीपीजीआई की सधी हुई गेंदबाजी के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सकी और निर्धारित 12 ओवरों में महज 80 रन ही बना सकी।



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम। अमृत विचार

81 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसजीपीजीआई की शुरुआत भले ही धीमी रही, लेकिन प्लेयर ऑफ द मैच पवन पाल और प्रवीण की समझदारी भरी बल्लेबाजी ने मैच का रुख बदल दिया। दोनों बल्लेबाजों ने संयम के साथ खेलते हुए 15 गेंद शेष रहते ही टीम को जीत दिला दी और एसजीपीजीआई ने चार विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

शाम को जनभवन और विजेता एसजीपीजीआई के बीच एक मैत्री मैच भी खेला गया। यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और इसका फैसला आखिरी ओवर की अंतिम गेंद पर हुआ। एसजीपीजीआई ने यह मुकाबला भी जीतकर टूर्नामेंट का समापन यादगार अंदाज में किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना और शानदार प्रदर्शन का परिचय दिया, जिससे प्रतियोगिता में रोमांच बना रहा। आयोजकों ने सभी टीमों के खिलाड़ियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विजेता टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



इको गार्डन के पास प्रदर्शन करती आंगनबाड़ी कार्यकत्री। अमृत विचार

# मानदेय बढ़ोतरी की मांग को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रदर्शन

आलमबाग संवाददाता, लखनऊ

- ईको गार्डेन से सड़क पर उतरीं सैकड़ों महिलाएं, पुलिस से हुई नोकझोंक

**अमृत विचार:** ईको गार्डेन धरना स्थल पर रविवार को प्रदेश भर से आई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मानदेय बढ़ोतरी की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जुटी महिलाओं ने शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

काफी देर तक जब शासन का कोई सक्षम अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा तो प्रदर्शनकारी महिलाओं का आक्रोश बढ़ गया। इसके बाद सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां धरना स्थल से निकलकर विधानसभा की ओर कूच करने लगीं। पुलिस ने ईको गार्डेन का मुख्य द्वार बंद कर उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन महिलाएं बैरिकेडिंग पार कर सड़कों पर उतर आईं और करीब एक किलोमीटर तक नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ती रहीं। मौके पर पहुंचे एसीपी कैंट अभय मल्ल ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की लेकिन महिलाएं मुख्यमंत्री से मुलाकात की मांग पर अड़ी रहीं और सड़क पर बैठकर जाम लगाने का प्रयास करने लगीं। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहीं प्रदेश अध्यक्ष नीलम पांडेय, संयुक्त मंत्री अंजनी मौर्या समेत अन्य प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए भेजा। धरना स्थल पर करीब चार सौ से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद थीं, लेकिन पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। महिला पुलिसकर्मियों की कमी के कारण प्रदर्शनकारी सड़क पर निकल आईं। इस दौरान सड़क जाम के चलते यातायात प्रभावित हुआ और एक 108 एंबुलेंस भी जाम में फंस गई, जिसे पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद रास्ता दिलाया।



अस्मिता एथलेटिक्स में विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# अस्मिता एथलेटिक्स लीग में बेटियां चमकीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संजना, लाली और सफक ने दिखाया दम

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित अस्मिता एथलेटिक्स लीग में शहर की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ के अलग-अलग वर्गों में संजना मौर्य, लाली कुमारी और सफक निगार चैंपियन बनीं।

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) और उत्तर प्रदेश खेल विभाग के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में महिला खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी और उपलब्धियों से साकार कर रही हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा, राजेश गोड़ और कोच ऋषि कुमार सहित खेल जगत की कई हस्तियां मौजूद रहीं। विशेष महिला प्रतियोगिता में बबीता ने प्रथम, रेनू ने द्वितीय और श्वेता मिश्रा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### प्रतियोगिता के प्रमुख परिणाम

#### 100 मीटर दौड़

- 18 वर्ष से ऊपर वर्ग में संजना मौर्य प्रथम, रोहिणी द्वितीय और महक चौरसिया तृतीय रहीं। अंडर-13 वर्ग में लाली कुमारी पहले, अंशिका दूसरे और सलोनी तीसरे स्थान पर रहीं। अंडर-18 वर्ग में सफक निगार ने पहला स्थान प्राप्त किया।

#### 200 मीटर दौड़

- 18 वर्ष से ऊपर वर्ग में ओशुम इमरान ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि भूमि तिवारी को रजत और श्रेया सिंह को कांस्य पदक मिला। अंडर-18 वर्ग में आराध्या प्रथम और श्रेया यादव द्वितीय रहीं।

#### 400 मीटर दौड़

- 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में नेहा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। सुरभि पाल दूसरे और सुधा तीसरे स्थान पर रहीं।

### अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 व 9 की प्रवेश परीक्षा संपन्न

**अमृत विचार ,लखनऊ :** अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो गई। लखनऊ के आशियाना स्थित महाराजा बिजली पासी राजकीय पीजी कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था, जहां कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान उप जिलाधिकारी मोहित यादव, अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव, सहायक श्रमायुक्त शिप्रा चतुर्वेदी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य सुखवीर सिंह ने केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। लखनऊ मंडल के अन्य जिलों सीतापुर, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, रायबरेली और हरदोई में भी प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। सभी केंद्रों पर जिलास्तरीय अधिकारियों की निगरानी में परीक्षा पारदर्शिता और अनुशासन के साथ संपन्न कराई गई।

# दबंगों ने डेयरी संचालक को पीटा, भतीजे की आंख फोड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुशांत गोल्फ सिटी के कल्याण सिंह चौक सेक्टर-ए के पास हुई घटना
- दोनों की हालत गंभीर, पुलिस एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी

**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में दबंगों ने गाली-गलौज का विरोध करने पर डेयरी संचालक को पीट दिया। बीच बचाव करने आये भतीजे को भी मारा। दोनों पर लाठी-डंडे से हमला किया। हमले में भतीजे की आंख फोड़ डाली। किसी तरह जान बचाकर भागे पीड़ितों को दोबारा घेरकर पीटा। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दिया है।

मुजफ्फरनगर घुसवल के मजरा महमूदपुर निवासी अमर सिंह राजपूत डेयरी संचालक हैं। साथ में भतीजे सोनू राजपूत भी डेयरी का काम देखते हैं। दुहान के बाद दोनों दुग्ध वितरण करते हैं। रोजाना की तरह गुरुवार दोपहर चाचा-भतीजे दूध बांटकर घर जा रहे थे। इस बीच कल्याण सिंह चौक सेक्टर-ए के नजदीक दोपहिया वाहनों के साथ खड़े चार लोगों ने गाली-गलौज की। विरोध पर बाइक सवारों ने रोक लिया। उनके पास लाठी डंडे और हाकी थी। चारों ने हमला बोल दिया। हमले के दौरान लाठी-डंडों से जमकर पीटा। राहगीरों की मदद से घरवालों को फोन कर सूचना दी गई। इसके बाद वह लेकर अस्पताल पहुंचे।

अमर सिंह ने बताया कि हमले में भतीजे की आंख फूट गई। इलाज के बाद शनिवार को थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। उनकी पहचान करने के साथ ही तलाश में दबिश दी जा रही है।

### फर्जी रजिस्ट्री के सहारे किया भूखंड पर कब्जा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णानगर इलाके में फर्जी रजिस्ट्री के सहारे भूखंड पर कब्जा कर लिया गया। भूखंड मालिक ने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि दबंगों ने 1981 में मृत व्यक्ति के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार किये और भूखंड पर कब्जा कर लिया। पीड़ित की तहरीर पर कृष्णानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आलमबाग के डीजल शेड रोड निवासी आर्यन सिंह के मुताबिक उन्होंने ग्राम अलीनगर सुनहरा, तहसील सरोजनीनगर में खसरा संख्या 383स का करीब 2000 वर्गफुट का भूखंड भावना पांडेय से खरीदा था। यह रजिस्ट्री सात अगस्त 2025 को उपनिबंधक सरोजनीनगर द्वितीय कार्यालय में पंजीकृत हुई थी। आर्यन सिंह के अनुसार तीन सितंबर 2025 को गीता तिवारी, उनके पति दिनेश चंद्र तिवारी और प्रमोद तिवारी उनके प्लॉट पर पहुंचे और निर्माण कार्य रुकवा दिया।

## सिटी डायरी



स्टूडेंट्स-पेरेंट्स प्रीमियर लीग के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि।

### अभिभावकों ने दिखाया दम

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस) गोमती नगर एक्सटेंशन (कैम्ब्रिज सेक्शन) की देखरेख में रविवार को आयोजित स्टूडेंट्स-पेरेंट्स प्रीमियर लीग में अभिभावकों और छात्रों का उत्साह देखने लायक रहा। स्कूल परिसर में आयोजित इस खेल आयोजन में अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मैदान पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सेन्सस ऑपरेशन्स एवं सिविल रजिस्ट्रेशन की डायरेक्टर शीतल वर्मा और एक्साइज कमिश्नर आदर्श सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सीएमएस कैम्ब्रिज की डीन सुषमा राजकुमार के साथ सीएमएस गोमती नगर एक्सटेंशन कैंपस की प्रधानाचार्या अनुपमा चेकर भी मौजूद रहीं। लीग का मुख्य आकर्षण रॉयल चैलेंजर्स और नाइट राइडर्स के बीच खेला गया क्रिकेट मैच रहा, जिसमें कक्षा तीन से 10 तक के छात्रों के अभिभावकों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स टीम ने जीत दर्ज की।




महिला अतिथि को पौधा देकर किया गया सम्मानित।

### विधिक अधिकारों की दी जानकारी


**अमृत विचार, लखनऊ :** नवयुग कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत ऐशबाग स्थित रामलीला मैदान में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का मुख्य विषय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस रहा। शिविर का शुभारंभ लक्ष्य गीत से हुआ। इसके बाद 'महिलाओं को सशक्त बनाने में योग की उपयोगिता' विषय पर कार्यशाला में प्रयाग आरोग्यं केंद्र के योगाचार्य प्रशांत शुक्ला और योग प्रशिक्षक श्वेता गुप्ता ने छात्राओं को योगाभ्यास कराया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता प्रयागमती गुप्ता ने महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान देते हुए गार्गी-मैत्रेयी से लेकर सावित्रीबाई फुले और निर्मला सीतारमण तक के योगदान को रेखांकित किया।




लविवि में योग सप्ताह के अवसर पर उपस्थित योग विशेषज्ञ।

### ध्यान से होता है मानसिक विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के योग व फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन विभाग में योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया है। इंडियन योग फेडरेशन व यूपी नेचरोपैथी एंड योग टीचर्स एंड फिजिशियन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 14 मार्च तक आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के योग सभागार में मणि प्रसाद मिश्र द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। अध्यक्षता एस.वी.एस. विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर आरके सिंह द्वारा की गई। मुख्यअतिथि मणि प्रसाद मिश्र, राजीव शर्मा व किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रोफेसर आरएएस कुशवाहा ने इस अवसर पर अपने विचार रखे।



छावनी स्थित एएमसी परिसर में दौड़ लगाते प्रतिभागी।

### मैराथन में दौड़े 2200 से अधिक प्रतिभागी

**अमृत विचार,लखनऊ :** छावनी स्थित आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) में हुई एएमसी वॉर हीरोज हाफ मैराथन 2026 में 2200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। देश भर से 150 वर्चुअल प्रतिभागी भी शामिल थे। आर्मी मेडिकल कोर की 262 साल की गौरवशाली विरासत का जश्न मनाने के लिए मैराथन सुबह एएमसी स्टेडियम से शुरू हुई। आयोजन एएमसी कर्मियों के साहस, बलिदान, करुणा और समर्पण के सम्मान में किया गया था।

**आयोजन** | 13 मार्च तक चलेगी कार्यशाला, मिट्टी को भी कल्पनाशील तथा अर्थपूर्ण आकृतियों में ढालने का प्रयास

# क्ले माडलिंग कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सीखे रचनात्मक गुर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** एस्थेटिक एंड कल्चरल डेवलपमेंट प्रोग्राम 2025-26 के तहत लखनऊ पब्लिक वर्ल्ड स्कूल द्वारा फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी के सहयोग से नन्हें हाथ, बड़ी रचनाएं शीर्षक से एक रचनात्मक क्ले मॉडलिंग कार्यशाला का रविवार को शुभारंभ किया। यह कार्यशाला 13 मार्च तक चलेगी।

कार्यशाला का उद्देश्य छोटे विद्यार्थियों में मिट्टी जैसे अभिव्यक्तिपूर्ण माध्यम के माध्यम से रचनात्मकता, कल्पनाशीलता तथा स्पर्श आधारित सीखने की प्रक्रिया को विकसित करना है। इस अवसर पर कलाकार भूपेंद्र कुमार अस्थाना गेस्ट ऑफ द डे के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें हाथों से कला के माध्यम से अपनी कल्पनाओं को अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। उनकी उपस्थिति से बच्चों में उत्साह बढ़ा और उन्होंने साधारण मिट्टी को भी कल्पनाशील तथा अर्थपूर्ण आकृतियों में ढालने का प्रयास किया।



कार्यशाला में मौजूद विद्यार्थियों को जानकारी देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

भूपेन्द्र अस्थाना ने कहा कि मिट्टी केवल एक साधारण पदार्थ नहीं है, बल्कि यह सृजन, संवेदना और कल्पना की अनंत संभावनाओं का माध्यम है। क्ले वर्कशॉप जैसे रचनात्मक आयोजन प्रतिभागियों को अपनी कल्पना और भावनाओं को आकार देने का एक सुंदर अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि मिट्टी के साथ काम करना हमें धैर्य, एकाग्रता और प्रकृति से जुड़ने की प्रेरणा देता है। जब कलाकार अपने हाथों से मिट्टी को गढ़ता है तो वह केवल एक आकृति नहीं बनाता बल्कि उसमें अपनी संवेदनाएं, अनुभव और रचनात्मकता भी अभिव्यक्त करता है।

विद्यालय की प्राचार्या नवनीत कौर ने बच्चों को कला के मूल माध्यमों, विशेषकर मिट्टी से परिचित कराने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब बच्चे मिट्टी के साथ काम करते हैं तो वे एक प्राकृतिक माध्यम के साथ सीधे जुड़ते हैं, जिससे उनमें संवेदनात्मक जागरूकता, रचनात्मकता और अपने विचारों को दृश्य रूप में व्यक्त करने का आत्मविश्वास विकसित होता है।

फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी की निदेशक नेहा सिंह ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि कला शिक्षा को प्रारंभिक स्तर पर प्रोत्साहित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि क्ले मॉडलिंग कला की सबसे मूलभूत प्रक्रियाओं में से एक है। जिसके माध्यम से बच्चे धैर्य, कल्पनाशीलता और अपने हाथों से कुछ नया बनाने की खुशी का अनुभव करते हैं।

इस छह दिवसीय कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ अंशु सक्सेना विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रही हैं। जिनके निर्देशन में प्रतिभागी क्ले मॉडलिंग की विभिन्न तकनीकों और रचनात्मक संभावनाओं से परिचित होंगे।